नाम हनुमान तेरा जग में सबसे बड़ा है | by Saral Pankaj Aggarwal

नाम हनुमान तेरा जग में सबसे बड़ा है
भक्ति की बात चली तो डंका तेरा बजा है
नाम हनुमान तेरा............

शिव के अवतारी तेरा बालपन सबको भाया
जकड के इंद्र को तूने सूर्य को खूब दौड़ाया
मार अक्षय को तूने लंका का नाश किया है
नाम हनुमान तेरा............

वीर बजरंगी बाला माता अंजनी दुलारा
छवि दिल में बसा के बने सियाराम प्यारा
समुन्दर लांघ तूने सिया का शोक हरा है
नाम हनुमान तेरा............

ज्ञान और गुण के सागर, तुम्ही हो संकटहारी
लखन के प्राण बचाये तुम्ही ने ऐ बलधारी
हरना संकट सरल के तुम्हारा नाम बड़ा है
नाम हनुमान तेरा............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%97-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a4%ac%e0%a4%b8/